# द्वारका रेसीडेंसी संचालक ने याचिका वापस ली

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। सैलाना रोड ओवरब्रिज के पास स्थित द्वारका रेसीडेंसी में आगे की 15276 वर्गफीट शासकीय भूमि पर बनी सीसी एप्रोच रोड तोड़ने व नगर निगम द्वारा निर्माण अनुमति निरस्त करने के बाद बिल्डर ने हाईकोर्ट में दायर याचिका वापस लेने का आवेदन दिया। इस पर शनिवार को हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने याचिका खारिज कर दी।

द्वारका रेसीडेंसी संचालक जितेन्द्र पुत्र मोहनलाल नागल द्वारा उच्च न्यायालय इंदौर खंडपीठ में याचिका प्रस्तुत की थी। इसके बाद शनिवार को स्वंय ही नई याचिका प्रस्तुत करने का उल्लेख करते हुए प्रस्तुत याचिका वापस लेने का अनुरोध करने पर नई याचिका प्रस्तुत करने की स्वतंत्रता देते हुए दर्ज याचिका क्रमांक 22788/2021 को उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया।

मालूम हो कि कलेक्टर ने 11 अक्टूबर को जारी आदेश में नगर निगम आयुक्त व उप संचालक नगर व ग्राम व निवेश विभाग को विधि अनुसार परीक्षण कर अनुमति निरस्त करने व दोनों विभागों के उन अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने का भी आदेश दिया था। इस आदेश के खिलाफ बिल्डर ने हाइकोर्ट में याचिका दायर की थी, सुनवाई शनिवार को होना थी। इधर रेसीडेंसी के आगे की 15276 वर्गफीट भूमि के एक हिस्से पर बनाई गई सीसी रोड तोड़ दी गई।

नई दुनिया
24-10-2021

डेंगू मरीज़ों का रिकवरी रेट 99.99% मेडिकल कॉलेज में अब तक 3899 मरीज हुए भर्ती

# 19 से 40 वर्ष की आयु के लोगों को सबसे ज्यादा प्रभावित कर रहा है डेंगू

## मंदसौर, नीमच, झाबुआ और आलीराजपुर के मरीज भी रतलाम मेडिकल कॉलेज पर निर्भर

पत्रिका डे-स्पेशल संडे मेगा स्टोरी

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** कोरोना की विभिषिका के बाद इन दिनों डेंगू से हर कोई परेशान चल रहा है। इस समय जिले में डेंगू के जितने मरीज सामने आ रहे हैं 19 से 40 साल की आयु के सबसे ज्यादा मरीज हैं। यानि इस आयु वर्ग को डेंगू सबसे ज्यादा प्रभावित कर रहा है। इनका प्रतिशत कुल मरीजों का 61% है। दूसरे नंबर पर 41 से 60 साल के मरीजों का है जिनका प्रतिशत 18 है। डेंगू में रिकवरी रेट भी सर्वाधिक 99.99% है।


### मरीजों में 61 % पुरुष

अगस्त से जब से डेंगू की बीमारी का इलाज मेडिकल कॉलेज में शुरू हुआ है उसमें जो आंकड़े सामने आए हैं उसके अनुसार अब तक 3899 केस डेंगू या संभावित डेंगू केस अस्पताल में आए। सभी मरीजों का इलाज पूर्ण कर सुरक्षित अपने घर पहुंचाया गया हैं। मरीजों में लगभग 61 % पुरुष तथा 39% महिलाएं हैं।

### एक बार फिर यहां से मिली राहत

अगस्त माह में जैसे ही डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी उनके इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में व्यवस्थाएं की गई। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टाफ, नर्सेज, सहयोगी स्टाफ, चतुर्थ श्रेणी स्टाफ ने कोरोना काल की तरह डेंगू के मरीजों के लिए भी दिनरात अपनी सेवाएं देना शुरू किया हैं। मेडिकल कॉलेज में डेंगू मरीजों का लगातार इलाज चल रहा हैं।

### कॉलेज में आए डेंगू मरीजों का वर्गीकरण



| | | | |
|---|---|---|---|
| 0-18 उम्र वर्ग | 13% | अगस्त में मरीज आए | 17 |
| 19-40 उम्र वर्ग | 61% | सितंबर में मरीज आए | 1204 |
| 40-60 उम्र वर्ग | 18% | अक्टूबर में मरीज आए | 1410 |
| 60 वर्ष से अधिक | 8% | रिकवरी रेट | 99.99 % |
| मरीजों में पुरुष वर्ग | 61% | वर्तमान में एक्टिव मरीज | 252 |
| मरीजों में महिला वर्ग | 39% | कुल मौत - 36 (अन्य बीमारियों से) | |
| अब तक कुल मरीज आए 3899 | | डेंगू से मरीजों की मौत - 05 | |

(सभी आंकड़े मेडिकल कॉलेज के अनुसार)

### 50 लाख की आबादी जुड़ी

रतलाम में मेडिकल कॉलेज खुलने से न केवल रतलाम वरन आसपास के चार अन्य जिलों मंदसौर, नीमच, झाबुआ और अलीराजपुर के मरीज भी रतलाम मेडिकल कॉलेज पर उच्च चिकित्सा सेवाओं के लिए निर्भर हैं। देखा जाय तो करीब 50 लाख जनसंख्या के लिए रतलाम का मेडिकल कॉलेज इन दिनों चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने वाली संस्था बन गया है।

कठिन दौर में चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा किए गए श्रम से आमजन में शासकीय सेवाओं के प्रति भी विश्वास बढ़ा है और उनमें आश्वस्ति का भाव जागा है। हमारा उद्देश्य है रतलाम व आस-पास विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो जिससे राहत मिल सके। - **डॉ. जितेंद्र गुप्ता,** डीन मेडिकल कॉलेज, रतलाम

पत्रिका

पत्रिका
24-10-2021

# डेंगू के 61 फीसद मरीज 18 से 40 साल के

## मेडिकल कालेज में करीब 3900 मरीजों का उपचार, पांच की मौत भी हुई

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना के बीच इन दिनों रतलाम जिला डेंगू से जूझ रहा है। कोरोना काल की तरह डेंगू के लिए भी मेडिकल कालेज लगातार सेवाएं दे रहा है। जब कोरोना की चरम प्रभाव शहर ही नहीं पूरे क्षेत्र को प्रभावित कर रहा था, तब मेडिकल कालेज ने कई थमती सांसों को जीवन प्रदान किया। दोनों लहरों में इसकी विकटता ने झंकझोर कर रख दिया था। संकट समय में सशक्त डाक्टर्स, पैरामेडिकल, नर्सिंग टीमें तथा अन्य सहयोगी स्टाफ के साथ कई सामाजिक संगठन व व्यक्तिगत लोग सेवा के लिए आगे आए। यही कार्य डेंगू में भी मेडिकल कालेज कर रहा है। डेंगू में इतनी मृत्यु दर नहीं है, इसलिए रिकवरी रेट लगभग 99.99 प्रतिशत रहा है। इस दौरान कुल 36 मरीजों की मौत में पांच की मौत डेंगू से हुई है। अन्य मौत के अलग-अलग कारण रहे हैं।

### मेडिकल कालेज में डेंगू के मरीजों की उम्रवार स्थिति

| उम्र | प्रतिशत |
|---|---|
| 0 से 18 | 14 |
| 19 से 40 | 61 |
| 40 से 60 | 18 |
| 60 से अधिक | 08 |



### कुल मरीजों में 61 प्रतिशत पुरुष प्रभावित

मेडिकल कालेज में माह अगस्त से जब से डेंगू के इलाज की जिम्मेदारी ली है, तब से आज तक 3899 डेंगू के या संभावित डेंगू के मरीज अस्पताल में आए और इलाज के बाद स्वस्थ होकर घर चले गए हैं। मरीजों में लगभग 61 प्रतिशत पुरुष तथा 39 प्रतिशत महिलाएं हैं। 12 साल से 80 साल तक की उम्र वाले मरीज इलाज करवा रहे हैं। मालूम हो कि रतलाम के आस-पास के चार अन्य जिले मंदसौर, नीमच, आलीराजपुर और झाबुआ भी मेडिकल कालेज पर उच्च चिकित्सा सेवाओं के लिए निर्भर हैं। इस तरीके से देखा जाए तो करीब आधे करोड़ से ज्यादा जनता मेडिकल कालेज के भरोसे है। वर्तमान में मेडिकल कालेज में 252 एक्टिव मरीज भर्ती हैं जिनमें से 11 आइसीयू में हैं। माह अगस्त के अंत के दो दिनों में 17 मरीज थे, वहीं माह सितंबर में 1204 तथा अक्टूबर में 1410 मरीज आए।

### कम संसाधनों में अच्छी सेवाएं

मेडिकल कालेज डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि कठिन दौर में चिकित्सा महाविद्यालय के द्वारा किए गए श्रम से लोगों में शासकीय सेवाओं के प्रति भी विश्वास बढ़ा है और उनमें आश्वस्ति का भाव जागा है। हमारा उद्देश्य है कि रतलाम व आसपास के क्षेत्र को विश्व स्तरीय सुविधाएं चिकित्सा के क्षेत्र में मिले।

### एलाइजा रिपोर्ट में पाजिटिव नहीं, 31 घरों में लार्वा मिला

जिला अस्पताल लैब की एलाइजा जांच की सात रिपोर्ट में शनिवार को डेंगू का नया मामला नहीं मिला। सभी रिपोर्ट निगेटिव आई। इधर एंटीजन किट जांच में डेंगू के नए मामले मिल रहे हैं, जिसे स्वास्थ विभाग अपनी गिनती में नहीं ले रहा है। हालांकि ऐसे मरीजों को भी डेंगू संदिग्ध मानकर उपचार दिया जा रहा है। जिले में डेंगू के मामलों की संख्या 434 है। मेडिकल कालेज अस्पताल में अभी भी 250 से अधिक मरीज भर्ती होकर उपचार ले रहे हैं। शनिवार को शहर में एडिज लार्वा सर्वे के दौरान 31 घरों में लार्वा मिला, जिसे नष्ट कराया गया। साथ ही 15 पानी टंकी, 24 कंटेनर, सात बेकार टायर और पांच कूलरों में भी डेंगू का लार्वा मिला। जिला मलेरिया अधिकारी प्रमोद प्रजापति का कहना है कि डेंगू के नए मामले कम हो रहे हैं।

नई।

## 91 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत शनिवार को 91 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 40610, ट्रैक्टर-ट्राली से 4890, काम्पेक्टर सूखा कचरा 27556, काम्पेक्टर गीला कचरा 18325 कुल 91375 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

नईदुनिया
24-10-2021

जारी हुए थे नोटिस

# वक्फ बोर्ड राशि जमा नहीं कराने वालों की होगी संपत्ति कुर्क

## एक ने दिया जवाब, चार नहीं हुए उपस्थित

रतलाम. मप्र वक्फ बोर्ड भोपाल की राशि जमा नही कराने वालों पर अब प्रशासन का शिकंजा कसता जा रहा है। भोपाल से आई सूची के आधार पर प्रशासन ने पांच लोगों को इस संबंध में नोटिस जारी किए थे जिनमें से महज एक ही व्यक्ति का जवाब आया है, शेष ने अपनी उपस्थिति दर्ज नही कराई है, जिसके चलते अब सभी लोगों से वसूली के लिए प्रशासन के द्वारा कुर्की के आदेश जारी किए जा रहे हैं।

प्रशासन की माने तो वसूली जिन लोगों से होना है, इनकी सूची मप्र भोपाल वक्फ बोर्ड से आई थी। उसके बाद प्रशासन ने अपने स्तर पर राशि जमा कराने के लिए प्रयास किए। इसे लेकर प्रशासन की ओर से संबंधितों को नोटिस भी जारी किए गए थे लेकिन पांच में से सिर्फ एक ने तहसील न्यायालय में जाकर जवाब प्रस्तुत किया लेकिन प्रशासन द्वारा उक्त जवाब के संतोषप्रद नही होने से सभी के नाम से वसूली के लिए कुर्की के अलग-अलग नोटिस जारी किए जा रहे है।

## साढ़े तीन लाख वसूली

प्रशासन की माने तो राशि बहुत ज्यादा भले ही नही है लेकिन जो राशि जहां जमा होना थी, वहां जमा नहीं की गई जिसके चलते वक्फ बोर्ड से आए पत्र के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। साढ़े तीन लाख रुपए करीब की वसूली होना है, जो कि भले ही अधिक नही है लेकिन जिन लोगों की जिम्मेदारी थी, उनके द्वारा उसे अब तक सही जगह पर जमा नही कराया गया है, जिसके चलते नौबत पहले नोटिस जारी कर जवाब तलब तक पहुंची लेकिन इस पर भी जब ठीक से ध्यान नही दिया तो अब कुर्की तक की आ गई है।

मप्र वक्फ बोर्ड भोपाल की तरफ से आई सूची के आधार पर उनकी राशि नहीं जमा कराने वालों को नोटिस जारी किए गए थे लेकिन संबंधितों के द्वारा जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। एक व्यक्ति उपस्थित हुआ था लेकिन जवाब संतोषप्रद नहीं होने से अब पांचों लोगों के नाम से अलग-अलग कुर्की के आदेश जारी किए जा रहे है।

**गोपाल सोनी**, तहसीलदार

पत्रिका

24-10-2021

# गड़बड़ द्वारका : उच्च न्यायालय से झटका, खारिज हुई याचिका

## अब नगर निगम कर रहा जेसीबी-बुलडोजर चलाने की तैयारी | अनुमति निरस्त होने के बाद पूरी तरह अवैध हो गई रेसीडेंसी

मनमर्जी का निर्माण

द्वारका रेसीडेंसी का गड़बड़झाला

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर के सैलाना रोड पर निर्मित द्वारका रेसीडेंसी को एक और झटका लगा है। शनिवार को उच्च न्यायालय ने रेसीडेंसी के बिल्डर जितेन्द्र नागल की ओर से दायर की गई एक याचिका को खारिज कर दिया। प्रशासन और नगर निगम की कार्रवाई को चुनौती दी गई थी, याचिका खारिज होने के साथ ही समूची कार्रवाई पर भी मुहर लग गई है। हालांकि कानूनी जानकार बताते हैं कि बिल्डर के पास फिर से उच्च न्यायालय जाने का विकल्प है, लेकिन रेसीडेंसी की अनुमति निरस्तगी और सड़क पर अवैध कब्जे को लेकर प्रशासनिक जांच व कार्रवाई पर फिलहाल रोक संभव नहीं है। बताया जा रहा है कि तमाम तरह की गड़बड़ियों के सामने आने के बाद प्रशासन का रूख रेसीडेंसी पर और सख्त हो सकता है। दावा तो यह भी हो रहा है कि एक विशेष टीम बिल्डर से जुड़े कुछ इनवेस्टर की जानकारी भी ले रही है, इनके रेकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं, कुछ दिनों में और खुलासे हो सकते हैं।

अनुमति नियमों में गड़बड़ी कर खड़ी की गई द्वारका रेसीडेंसी की ओर से दायर याचिका को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने शनिवार को खारिज कर दिया। उच्च न्यायालय इंदौर द्वारा सैलाना रोड ओवर ब्रिज के पास स्थित द्वारका रेसीडेंसी के बिल्डर जितेन्द्र नागल पिता मोहनलाल नागल द्वारा नगर निगम व प्रशासन की कार्रवाई के खिलाफ दर्ज की गई याचिका को खारिज किया गया है। द्वारका रेसीडेंसी के बिल्डर जितेन्द्र नागल ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय इंदौर में सितंबर में याचिका प्रस्तुत की थी। इस दौरान इंदौर उच्च न्यायालय ने याचिका को सुनवाई योग्य नहीं माना था व पहले कलेक्टर के पास जाने को कहा था। तब याचिका के दौरान बताया गया था कि एक आवेदन कलेक्टर के पास लंबित है। इसके बाद उच्च न्यायालय ने संबंधित याचिका को खारिज कर दिया था। अब न्यायालय की प्रक्रिया के तहत कार्रवाई के विरोध संबंधी याचिका को भी निरस्त कर दिया गया है।



### 22 अक्टूबर को मंजूरी हुई निरस्त

22 अक्टूबर को नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने प्रस्तुत अपील के बाद आदेश जारी किए थे। इसमे लिखा गया था कि नगर निगम ने जो निर्माण की मंजूरी दी है, उसको निरस्त किया जाता है। इसके लिए पूर्व दी गई मंजूरी का आधार नगर व ग्राम निवेश विभाग सहित नजूल की मंजूरी को बताया गया था।

पत्रिका

### कलेक्टर कोर्ट ने दिया था आदेश, अधिकारियों की जांच का भी था निर्देश

कलेक्टर कोर्ट ने अक्टूबर में आदेश दिया था कि द्वारका रेसीडेंसी संचालक द्वारा बनाई गई बिल्डिंग गलत तरीके से निर्मित की गई है। इसमे नगर निगम व टीएनसीपी के अधिकारियों द्वारा दी गई मंजूरी संदिग्ध है। इस दौरान अधिकारियों की भूमिका की जांच भी करने को कहा गया था। इसके लिए एक पखवाड़े का समय दिया गया था। इससे पूर्व नगर निगम ने अपने जांच प्रतिवेदन के जरिए द्वारका रेसीडेंसी की अनूमति को निरस्त कर दिया है, यह बिल्डर और उससे जुड़े निर्माणकर्ताओं के लिए बड़ा झटका है।

### इसलिए हुई याचिका खारिज

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ में शनिवार को द्वारका रेसीडेंसी संचालक जितेंद्र नागल सहित अन्य द्वारा लगाई गई याचिका पर सुनवाई होना थी। याचिका पर सुनवाई होने के पूर्व ही नागल के अभिभाषकों ने नई याचिका प्रस्तुत करने का उल्लेख करते हुए प्रस्तुत याचिका वापस लिये जाने का अनुरोध उच्च न्यायालय इंदौर से किया। इसके बाद उच्च न्यायालय द्वारा नई याचिका प्रस्तुत करने की स्वतंत्रता समय सीमा में देते हुए दर्ज याचिका क्रमांक 22788/2021 को खारिज किया।

पत्रिका
25-10-2021

डेंगू • 20 हजार से कम काउंट वालों को ही अब दे रहे प्लेटलेट्स... फिर भी ऐसे हालात

# ब्लड बैंक में प्लेटलेट्स की डिमांड लगातार बढ़ रही, 24 घंटे में 120 से 130 यूनिट तक दे रहे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सरकारी आंकड़ों में भले ही डेंगू के मामले कम आ रहे हों... लेकिन हमारे जिले में अभी डेंगू कम नहीं हुआ है। इसकी हकीकत जिले का एकमात्र प्लेटलेट्स देने वाला मानव सेवा समिति ब्लड बैंक बता रहा है। ब्लड बैंक से रोज 100 यूनिट से ज्यादा ही प्लेटलेट्स दिए जा रहे हैं। वहीं, दो दिन पहले तो हाई डिमांड थी, सिर्फ 24 घंटे में 120 से 130 यूनिट तक प्लेटलेट्स दिए।

जिले में प्लेटलेट्स के लिए सरकारी इंतजाम नहीं हैं। ऐसे में मानव सेवा समिति के ब्लड बैंक से ही आमजन को प्लेटलेट्स दिए जा रहे हैं। समिति के ब्लड बैंक में अभी प्लेटलेट्स की हाई डिमांड बनी हुई है। ब्लड बैंक के पदाधिकारियों के मुताबिक ऐसा पहली बार ही हो रहा है। दो दिन पहले मंदसौर की मशीन खराब हो गई थी, इससे रतलाम में लोड बढ़ गया। एक दिन में ही 120 से 130 यूनिट की डिमांड पहुंच गई थी। लोगों को प्लेटलेट्स दिए भी गए। हालांकि अभी मशीन सुधरने से मंदसौर का लोड कम हुआ है, बावजूद प्लेटलेट्स की डिमांड 100 से ज्यादा ही बनी हुई है।

## अगस्त में 24 घंटे में 40 यूनिट, सितंबर में 90 यूनिट तक पहुंची थी

प्लेटलेट्स की डिमांड लगातार ही बढ़ रही है। अगस्त में 24 घंटे में 30 से 40 यूनिट की डिमांड बन रही थी। यह डेंगू और वायरल की शुरुआत होने का संकेत था क्योंकि आम तौर पर प्लेटलेट्स की डिमांड बहुत कम रहती है। दो दिन में 5 से 10 यूनिट ही लगते हैं। सितंबर में डेंगू ने रफ्तार पकड़ी। इसका असर भी साफ दिखा प्लेटलेट्स की डिमांड 80 से 90 यूनिट तक आ गई थी। अब 100 से ज्यादा ही बनी हुई है।

### ऐसा पहली बार हो रहा

मानव सेवा समिति ब्लड बैंक के अध्यक्ष मोहन मुरलीवाला ने बताया कि प्लेटलेट्स की इतनी हाई डिमांड पहली बार देखी है। किसी विशेष ब्लड ग्रुप नहीं बल्कि सभी तरह के ब्लड ग्रुप वालों के लिए डिमांड आ रही है। सभी लोग अलग-अलग समय पर सेवा कर रहे हैं। संस्था 1996 से सेवा में है लेकिन पहली बार यह स्थिति देखी है।

### 410 से ज्यादा को डेंगू

इधर, डेंगू और वायरल को लेकर हालत खराब है। हर मोहल्ले में आपको बीमार आसानी से मिल जाएंगे, इनमें भी ज्यादातर डेंगू के शिकार हैं लेकिन विभागीय आंकड़ों में अभी डेंगू के 410 से ज्यादा मरीज ही हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि यह रिकॉर्ड एलाइजा पॉजिटिव का है। किट से पॉजिटिव आने वालों को विभाग आंकड़ों में दर्ज नहीं करता।

भास्कर

दै. भास्कर
24-10-2021

# शुद्धिकरण पखवाड़े के तहत राजस्व अमला स्वयं राजस्व रिकार्डों को सुधार रहा है

रतलाम ● जिले में भी शुद्धिकरण पखवाड़े के तहत राजस्व रिकार्ड में सुधार का कार्य किया जा रहा है। पहली बार आमजन को अपने राजस्व रिकार्ड में सुधार के लिए आवेदन नहीं देना पड़ रहा है बल्कि राजस्व अमला स्वयं अग्रसर होकर रिकॉर्ड शुद्धि का कार्य कर रहा है। शुद्धिकरण पखवाड़े की समीक्षा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा आयोजित बैठक में की गई। शुद्धिकरण पखवाड़े में लंबित नामांतरण प्रकरणों का शत-प्रतिशत निपटारा किया जाएगा। फौती नामांतरण कार्य किया जा रहा है। आमजन के लिए नक्शे सुधार किए जा रहे हैं। इस पखवाड़े में अल्फान्यूमैरिक खसरा नक्शा, तरमीम, भूमि प्रकार, भूमि स्वामी प्रकार संशोधन, भूमि स्वामी नाम सुधार आदि कार्य किए जाएंगे। कलेक्टर द्वारा बैठक में समीक्षा के दौरान पाया गया कि ऑफलाइन कार्य होने के बाद भी पोर्टल पर ऑनलाइन शो नहीं हो रहा, इस संबंध में कलेक्टर द्वारा सीएलआर को पत्र पहुंचाने के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर द्वारा सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया कि जिले में उर्वरक की कहीं कोई कमी नहीं रहे, यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही टॉप 20 यूरिया बायर्स का सत्यापन करने के निर्देश दिए। सत्यापन कार्य आगामी 30 अक्टूबर तक पूर्ण किया जाना है, इसके लिए टीम बनाने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि आज की स्थिति में जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। लघु सिंचाई संगणना में तहसीलदारों द्वारा कार्य नहीं किए जाने पर कलेक्टर द्वारा सख्त नाराजगी व्यक्त की गई।

स्वदेश

स्वदेश 24-10-2021

# शुद्धिकरण पखवाड़ा : बगैर आवेदन सुधार रहे रिकार्ड

रतलाम। शासन के निर्देशानुसार जिले में भी शुद्धिकरण पखवाड़े के तहत राजस्व रिकार्ड में सुधार का कार्य किया जा रहा है। पहली बार आमजन को रिकार्ड में सुधार के लिए आवेदन नहीं देना पड़ रहा है बल्कि राजस्व अमला स्वयं ही शुद्धि का कार्य कर रहा है।

शनिवार को शुद्धिकरण पखवाड़े की समीक्षा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने की। शुद्धिकरण पखवाड़े में लंबित नामांतरण प्रकरणों, फौती नामांतरण, नक्शे सुधार किए जा रहे हैं। बैठक में कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि जिले में उर्वरक की कहीं कोई कमी नहीं रहे, यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही टॉप 20 यूरिया बायर्स का सत्यापन करने के निर्देश दिए। सत्यापन कार्य आगामी 30 अक्टूबर तक पूर्ण किया जाना है। लघु सिंचाई संगणना में तहसीलदारों द्वारा कार्य नहीं किए जाने पर कलेक्टर द्वारा सख्त नाराजगी व्यक्त की गई।

## जिले के 1.62 लाख किसानों के खातों में आई सम्मान निधि

रतलाम। शनिवार को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने मुख्यमंत्री किसानों के खातों में किसान सम्मान निधि की राशि अंतरित की। रतलाम जिले के एक लाख 62 हजार 184 किसानों के खाते में द्वितीय किस्त की राशि अंतरित की गई। इस दौरान कलेक्टोरेट में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम उपस्थित थे।

नई दुनिया

24-10-2021

# कर्मचारियों के लिए एरियर्स के आदेश जारी

भोपाल, (प्रसं)। दीवाली के पूर्व राजकीय कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए राज्य सरकार ने महंगाई भत्ते सहित रोकी गई वेतन वृद्धि का एरियर्स देने के आदेश जारी कर दिए हैं। इसमें नियमित के साथ स्थाई कर्मचारियों को भी लाभ मिलेगा।

शुक्रवार को जीएडी द्वारा आदेश जारी किए गए। इसके अनुसार एक जुलाई 2020 एवं एक जनवरी 2021 को देय वार्षिक वेतन वृद्धि काल्पनिक रूप से स्वीकृत करते हुए वास्तविक वित्तीय लाभ के लिए पृथक से आदेश जारी करने का लेख था। संदर्भित आदेश के द्वारा जुलाई 2020 एवं जनवरी 2021 की काल्पनिक वेतनवृद्धि तो वास्तविक रूप से जुलाई 2021 अथवा जनवरी 2022 की वेतनवृद्धि के साथ स्वीकृत किए जाने के निर्देश जारी किए जा चुके हैं। शासन द्वारा अब निर्णय लिया गया है कि समस्त शासकीय सेवकों जिन्हें जुलाई 2020 एवं जनवरी 21 की वार्षिक वेतनवृद्धि काल्पनिक रूप से पात्रता है। उन्हें जुलाई 2020 एवं जनवरी 2021 को देय वार्षिक वेतन वृद्धि के परिणाम स्वरूप देय एरियर्स का भुगतान 50 प्रतिशत किस्तों में होगा। प्रथम भुगतान माह नवंबर एवं द्वितीय किस्त का भुगतान माह मार्च 2022 में होगा। एक मार्च 2022 के पूर्व सेवा निवृत्त हो चुके अथवा होने जा रहे शासकीय सेवकों को एरियर्स की देयराशि का भुगतान एकमुश्त किया जाएगा। जारी आदेश के अनुसार राज्य शासन के अधीन समस्त उपक्रम, निगम मंडल, स्थानीय निकाय, विकास प्राधिकरण, आयोग, विवि, संस्थाओं के कर्मी एवं स्वास्थ्य सेवकों और संविदा नियोजित सेवायुक्तों जिन्हें वेतनवृद्धि दी जाती है। उनके संबंध में 30 जुलाई 2020 से निर्देश जारी करने के लिए लेख किया गया था। वन श्रेणियों के लिए संबंधित प्रशासकीय विभाग निर्देश जारी कर सकेंगे। इधर कर्मचारियों ने एक बार फिर कहा कि केंद्रीय तिथि से महंगाई भत्ते में समानता लाना जरूरी है। वरिष्ठ कर्मचारी नेता भानु तिवारी के मुताबिक उम्मीद है कि सरकार शीघ्र ही केंद्र और राज्य के अंतर को पाटने का कार्य करेगी।

**पेंशनर्स पर भी देना होगा ध्यान-**पेंशनर्स नेता गणेश दत्त जोशी ने कहा कि रिटायर्ड कर्मचारियों का भी सरकार को ध्यान रखना होगा। इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार से शीघ्र संवाद हो, ताकि वहां से सहमति के उपरांत पेंशनरों को एरियर्स का लाभ मिल सके और वह भी दीवाली का त्यौहार खुशी के साथ मना सकें।

## सर्वोदय नगर में डलेगी पाइप लाइन, जलापूर्ति सुलभ होगी



रतलाम | सर्वोदय नगर में शनिवार को पाइप लाइन डालने के कार्य की शुरुआत हुई। विधायक चेतन्य काश्यप के प्रयास से हो इस काम से क्षेत्र के 150 परिवारों को भरपूर पानी मिलने लगेगा। पूजन मंडल अध्यक्ष करण धीर्य बड़गोत्या, सुनील सारस्वत, पूर्व पार्षद भगत भदौरिया ने किया। कमल गुरनानी, जुझार चौहान, सुनील पाल, सुदीप त्रिवेदी, मांगीलाल तिवारी, अजय शर्मा, हैमंत दावरे, विवेक शर्मा आदि उपस्थित रहे।



## सर्वोदय नगर में पाइप लाइन डालने के कार्य का भूमि पूजन

रतलाम। शहर विधायक चेतन्य काश्यप के प्रयास से भाजपा अम्बेडकर मंडल के सर्वोदय नगर में पाइप लाइन डालने के कार्य का भूमि पूजन कर शुभारम्भ किया गया। पूजन कार्य क्षेत्र के रहवासियों और वरिष्ठजनों द्वारा किया गया।मंडल अध्यक्ष करण धीर्य बड़गोत्या, जिला उपाध्यक्ष सुनील सारस्वत, पूर्व पार्षद भगत भदोरिया , जिला मंत्री सोना शर्मा अतिथि रहे। मंडल अध्यक्ष श्री बडगोत्या के अनुसार इस पाइप लाइन से 100 से 150 घरों को पानी मिलेगा।भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी ने बताया कि भूमि पूजन कार्यक्रम में कमल गुरनानी, जुझार चौहान, धर्मवीर, सुनील पाल सुदीप त्रिवेदी, किशोर लोदवाल, मांगीलाल तिवारी, अजय शर्मा, हेमंत दावरे व विवेक शर्मा सहित अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। सर्वोदय नगर वासियो में पाइप लाइन के भूमि पूजन से हर्ष व्याप्त है।

## सर्वोदय नगर में हुआ भूमिपूजन



रतलाम. शहर विधायक चेतन्य काश्यप के प्रयास से भाजपा अम्बेडकर मंडल के सर्वोदय नगर में शनिवार को पेयजल पाइप लाइन डालने के कार्य का भूमि पूजन हुआ। क्षेत्रवासियों में इससे हर्ष है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष करणधीर्य बड़गोत्या, जिला उपाध्यक्ष सुनील सारस्वत, पूर्व पार्षद भगतसिंह भदोरिया, जिला मंत्री सोना शर्मा अतिथि रहे। मंडल अध्यक्ष बड़गौत्या के अनुसार इस पाइप लाइन से करीब 150 घरों को नियमित पेयजल मिलेगा। भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी ने बताया कि भूमि पूजन कार्यर म में कमल गुरनानी, जुझार चौहान ,धर्मवीर , सुनील पाल सुदीप त्रिवेदी, किशोर लोदवाल, मांगीलाल तिवारी,अजय शर्मा हेमंत दावरे व विवेक शर्मा उपस्थित रहे।

## सर्वोदय नगर में पाइप लाइन डालने के कार्य का भूमिपूजन

रतलाम। शहर विधायक चेतन्य काश्यप के प्रयास से भाजपा आंबेडकर मंडल के सर्वोदय नगर में पाइप लाइन बिछाने के कार्य का भूमिपूजन कर शुभारंभ किया गया। पूजन कार्य क्षेत्र के रहवासियों और वरिष्ठजनों द्वारा किया गया। मंडल अध्यक्ष करणधीर्य बड़गोत्या, पूर्व पार्षद भगतसिंह भदौरिया, जिला मंत्री सोना शर्मा अतिथि रहे। मंडल अध्यक्ष के अनुसार इस पाइप लाइन से 100 से 150 घरों को पानी मिलेगा। कार्यक्रम में कमल गुरनानी, जुझार चौहान, धर्मवीर, सुनील पाल, सुदीप त्रिवेदी, किशोर लोदवाल, मांगीलाल तिवारी, अजय शर्मा, हेमंत दावरे, विवेक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## पाईप लाईन डालने के कार्य का भूमि पूजन

रतलाम। शहर विधायक चेतन्य काश्यप के प्रयास से भाजपा अम्बेडकर मंडल के सर्वोदय नगर में पाईप लाईन डालने के कार्य का भूमि पूजन कर शुभारम्भ कि[illegible] गया। पूजन कार्य क्षेत्र [illegible] रहवासियों और वरिष्ठजनों [illegible] किया गया। मंडल अध्यक्ष कर[illegible] धीर्य बडगोत्या, जिला उपाध्यक्ष सुनील सारस्वत, पूर्व पार्षद भगत भदोरिया , जिला मंत्री सोना शर्मा अतिथि रहे।

**शुद्धिकरण पखवाड़ा** — शुद्धिकरण पखवाड़े की समीक्षा कलेक्टर द्वारा शनिवार को बैठक में की गई

# बगैर आवेदन राजस्व रिकॉर्ड सुधारा जा रहा

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

राज्य शासन के निर्देशानुसार रतलाम जिले में भी शुद्धिकरण पखवाड़े के तहत राजस्व रिकार्ड में सुधार का कार्य किया जा रहा है। पहली बार आमजन को अपने राजस्व रिकार्ड में सुधार के लिए आवेदन नहीं देना पड़ रहा है बल्कि राजस्व अमला स्वयं अग्रसर होकर रिकॉर्ड शुद्धि का कार्य कर रहा है। शुद्धिकरण पखवाड़े की समीक्षा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा शनिवार को आयोजित बैठक में की गई जिसमें अपर कलेक्टर एम.एल.आर्य, एसडीएम अभिषेक गहलोत, डिप्टी कलेक्टर सुश्री कृतिका भीमावद, तहसीलदारगण उपस्थित थे।

शुद्धिकरण पखवाड़े में लंबित नामांतरण प्रकरणों का शत-प्रतिशत निपटारा किया जाएगा। फौती नामांतरण कार्य किया जा रहा है। आमजन के लिए नक्शे सुधार किए जा रहे हैं। इस पखवाड़े में अल्फान्यूमैरिक खसरा नक्शा, तरमीम, भूमि प्रकार, भूमि स्वामी प्रकार संशोधन, भूमि स्वामी नाम सुधार आदि कार्य किए जाएंगे। कलेक्टर द्वारा बैठक में समीक्षा के दौरान पाया गया कि ऑफलाइन कार्य होने के बाद भी पोर्टल पर ऑनलाइन शो नहीं हो रहा, इस संबंध में कलेक्टर द्वारा सीएलआर को पत्र पहुंचाने के निर्देश दिए गए।



बैठक में कलेक्टर द्वारा सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया कि जिले में उर्वरक की कहीं कोई कमी नहीं रहे, यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही टॉप 20 यूरिया बायर्स का सत्यापन करने के निर्देश दिए। सत्यापन कार्य आगामी 30 अक्टूबर तक पूर्ण किया जाना है, इसके लिए टीम बनाने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि आज की स्थिति में जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। लघु सिंचाई संगणना में तहसीलदारों द्वारा कार्य नहीं किए जाने पर कलेक्टर द्वारा सख्त नाराजगी व्यक्त की गई। उन्होंने कहा कि जल स्त्रोतों पर पेंट करने के लिए ग्राम पंचायतों द्वारा कार्य किया जाएगा।

२१५

राजएक्सप्रेस
24-10-2021

# सर्वोदय नगर में पाइप लाइन डालने के कार्य का भूमि पूजन

रतलाम ● स्वदेश समाचार

विधायक चेतन्य काश्यप के प्रयास से भाजपा आम्बेडकर मंडल के सर्वोदय नगर में पाइप लाइन डालने के कार्य का भूमिपूजन कर शुभारम्भ किया गया। पूजन कार्य क्षेत्र के रहवासियों और वरिष्ठजनों द्वारा किया गया। मंडल अध्यक्ष करण धीर्य बड़गोत्या, जिला उपाध्यक्ष सुनील सारस्वत, पूर्व पार्षद भगत भदौरिया , जिला मंत्री सोना शर्मा अतिथि रहे। मंडल अध्यक्ष श्री बडजोत्या के अनुसार इस पाइप लाइन से 100 से 150 घरों को पानी मिलेगा।

भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी ने बताया कि भूमिपूजन कार्यक्रम में कमल गुरनानी, जुझार चौहान ,धर्मवीर , सुनील पाल सुदीप त्रिवेदी, किशोर लोदवाल, मांगीलाल तिवारी,अजय शर्मा,हेमंत दावरे व विवेक शर्मा सहित अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। सर्वोदय नगरवासियो में पाइप लाइन के भूमिपूजन से हर्ष व्याप्त है।

# ज्वलनशील पदार्थ भण्डारण के 95 गोडाउन व दुकानें पाए गए

रतलाम ● स्वदेश समाचार

मोहन नगर व लकड़पीठा क्षेत्र जैसी आगजनी की घटना भविष्य में ना हो इस हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा नगर में कबाड़ सेन्टर, प्लास्टिक, प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, लकड़ी, तेल, आयल, डीजल, गैस सिलेण्डर एवं अन्य खतरनाक वस्तुओं के गोडाउन व दुकानें के गठित दलों द्वारा वार्डवार किए गए सर्वे के तहत नगर में ज्वलनशील पदार्थ एवं अन्य खतरनाक वस्तु भण्डारण के 95 गोडाउन व दुकानें पाए गए। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर निगम द्वारा गठित दलों द्वारा किए गए सर्वे के तहत वार्ड क्रमांक 1 से 8 में 9, वार्ड क्रमांक 9 से 16 में 14, वार्ड क्रमांक 17 से 24 में 9, वार्ड क्रमांक 25 से 32 में 14, वार्ड क्रमांक 33 से 40 में 14 व वार्ड क्रमांक 41 से 49 में 35 इस तरह कुल 95 गोडाउन व दुकानें ज्वलनशील पदार्थो की पाई गई। स्वदेश

25-10-2021



# सर्वोदय नगर में पाइप लाइन डालने के कार्य का भूमि पूजन

रतलाम। शहर विधायक चेतन्य काश्यप के प्रयास से भाजपा अम्बेडकर मंडल के सर्वोदय नगर में पाइप लाइन डालने के कार्य का भूमि पूजन कर शुभारम्भ किया गया। पूजन कार्य क्षेत्र के रहवासियों और वरिष्ठजनों द्वारा किया गया। मंडल अध्यक्ष करण धीर्य बड़गोत्या, जिला उपाध्यक्ष सुनील सारस्वत, पूर्व पार्षद भगत भदोरिया , जिला मंत्री सोना शर्मा अतिथि रहे। मंडल अध्यक्ष श्री बडगोत्या के अनुसार इस पाइप लाइन से 100 से 150 घरों को पानी मिलेगा। भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी ने बताया कि भूमि पूजन कार्यक्रम में कमल गुरनानी, जुझार चौहान, धर्मवीर, सुनील पाल सुदीप त्रिवेदी, किशोर लोदवाल, मांगीलाल तिवारी, अजय शर्मा, हेमंत दावरे व विवेक शर्मा सहित अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। सर्वोदय नगर वासियो में पाइप लाइन के भूमि पूजन से हर्ष व्याप्त है।

25-10-2021

# 'वार्ड के कर्मचारी वार्ड में हो'

**रतलाम, नप्र।** नगर निगम संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति ने नगर निगम प्रशासक व आयुक्त नगर निगम के नाम ज्ञापन दिया।

वार्डों में काम कर रहे पुरुष सफाई संरक्षकों को रात में की जाने वाली सफाई के इंतजाम में लगाए जाने पर समिति ने एतराज जताया। कहा कि वार्डों के पुरुष सफाई संरक्षकों का काम रात की सफाई में लिए जाने से वार्डों की साफ-सफाई नहीं हो पा रही है। बताया कि दीपावली त्योहार होने की वजह से इन दिनों घरों की साफ-सफाई भी हो रही है जिससे वार्डों में कचरा भी ज्यादा हो रहा है। अनरोध किया कि सफाई अभियान के नाम पर भारत सरकार और केन्द्र सरकार से जो रुपया आ रहा है उस मद से 200 नये सफाई संरक्षक दीपावली त्यौहार तक काम रखे जाए। समिति के राम कल्याणे, संजय पैमाल, विजय खरे, कमल शिन्दे, कमल भाटी, अमर चौहान की ओर से हस्ताक्षरित ज्ञापन में चेतावनी दी कि वार्डों के सफाई कर्मचारियों को वापस वार्डों में भेजा जाए वरना शहर की व्यवस्था बंद की जाएगी।

23-10-2021

# कीटनाषक दवा छिड़काव के 5 कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटा

रतलाम । नगर के नागरिकों को मच्छर जनित डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव हेतु नवीन कार्यव्यवस्था के तहत 18 अक्टूबर सोमवार से प्रत्येक वार्ड में एक ही समय में 49 कर्मचारियों द्वारा हैण्ड स्प्रे मषीन से कीटनाषक दवा का छिड़काव अभियान प्रारंभ किये जाने के दौरान 5 कर्मचारियों द्वारा कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नहीं होने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देषानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देषानुसार अनुपस्थित कर्मचारी अर्जून-राजेन्द्र, कन्हैया-कमल, राकेष-रामप्रसाद, रोहित-प्रभुदयाल व राजेन्द्र फतरोड का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

रतलाम आज तक

२०/१०/१२ आज तक

# सोमवार को टीएंडसीपी में सुनवाई, नक्शा भी होगा निरस्त, बिल्डर की याचिका खारिज

## कार्रवाई के लिए टीएंडसीपी ने रेजीडेंसी का सारा रिकॉर्ड तैयार किया

**धोखे की द्वारका रेजीडेंसी**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

अफसरों से सांठगांठ कर सरकारी जमीन को सड़क बताकर द्वारका रेजीडेंसी तान रहे बिल्डर की याचिका हाईकोर्ट ने शनिवार को खारिज कर दी है। अब बिल्डर दोबारा याचिका लगाएगा। उधर नगर निगम द्वारा शुक्रवार को विकास अनुमति रद्द करने के बाद टीएंडसीपी ने कार्रवाई तेज कर दी है। सोमवार को टीएंडसीपी के अफसर बिल्डर की सुनवाई करेंगे। बिल्डर के तथ्य और दस्तावेज चेक करने के बाद एक-दो दिन में सरकारी जमीन को सड़क बताकर पास करवाया गया नक्शा निरस्त किया जा सकता है। सुनवाई के लिए विभाग ने द्वारका रेजीडेंसी से संबंधित सारा रिकॉर्ड तैयार कर लिया है। नियमानुसार कार्रवाई के पहले सिर्फ एक बार बिल्डर का पक्ष सुनना भर बाकी है।

सर्वे नंबर 43/1131 पर बन रही द्वारका रेजीडेंसी और चेतक ब्रिज के बीच स्थित 15276 वर्ग फीट सरकारी जमीन है। इसमें से 8950 वर्गफीट में द्वारका रेजीडेंसी के बिल्डर ने सीमेंट कांक्रीट वर्क करके सड़क बना दी थी। बिना अनुमति सरकारी जमीन पर सड़क बनाने पर 29 अगस्त को कार्रवाई करते हुए नगर निगम, राजस्व अमले ने लोहे की जाली लगाकर जमीन को सुरक्षित कर लिया था।

## पूर्व याचिका वापस लेने का अनुरोध किया, नई याचिका लगाएगा बिल्डर

सरकार जमीन को सड़क बताने का धोखा देकर अनुमतियां हथियाने वाले द्वारका रेजीडेंसी के बिल्डर जितेंद्र नागल पिता मोहनलाल नागल को शनिवार को न्यायालय में दोबारा मुंह की खाना पड़ी। बिल्डर द्वारा लगाई गई याचिका को उच्च न्यायालय इंदौर ने खारिज कर दिया। शनिवार को हुई सुनवाई में बिल्डर नागल ने स्वयं ही नई याचिका प्रस्तुत करने का उल्लेख करते हुए पहले लगाई गई याचिका वापस लिए जाने का अनुरोध किया। इस पर उच्च न्यायालय ने नई याचिका प्रस्तुत करने की स्वतंत्रता देते हुए पहले लगाई गई याचिका क्रमांक 22788/2021 को खारिज कर दिया।



बिल्डर के इस दांव के पीछे का कारण शुक्रवार को नगर निगम द्वारा निरस्त की गई निर्माण अनुमति की कार्रवाई को बताया जा रहा है। बिल्डर इसके पहले ही याचिका लगा चुका था। उसके बाद निगम ने यह कार्रवाई कर दी।

## 11 खरीदार फंसे, प्रशासन को कर सकते हैं शिकायत

धोखेबाज बिल्डर के कारण द्वारका रेजीडेंसी में ऊंचे दामों पर दुकान, फ्लैट बुक कराने वाले 11 खरीदार के लाखों रुपए फंस गए हैं। रेजीडेंसी में 315 यूनिट हैं। अभी ए ब्लॉक ही अधूरा पड़ा है। इसकी 11 यूनिट फर्म ऊंचे दामों पर बेच चुकी है। खरीदारों के लिए अच्छी बात यह है कि रेरा रजिस्ट्रेशन (पी-आरटीएम-19-2429) निरस्त करने की कार्रवाई के साथ ही शिकायत मिलने पर खरीदारों के रुपए वापस दिलवाने में भी मदद करेगा। रेडिमेड कपड़ों की एकमात्र दुकान पहले ही बंद हो चुकी है। इससे अन्य खरीदारों और निवेशकों में भी हड़कंप है।

भास्कर

दै० भास्कर
24-10-2021

# कोविड अनुकंपा नियुक्ति के 400 केस रिजेक्ट...

**वजह सिर्फ तीन**

1. आरटीपीसीआर टेस्ट की रिपोर्ट नहीं है
2. परिवार का कोई सदस्य सरकारी नौकरी में हो
3. तय समय में आवेदन करने में देर कर दी

भास्कर न्यूज़ | भोपाल

मुख्यमंत्री कोविड-19 अनुकंपा नियुक्ति में आवेदन करने वाले 400 परिवारों के केस रिजेक्ट हो गए हैं। इसके पीछे तीन प्रमुख वजह हैं। **पहला-** परिवारों के पास कोविड होने का अधिकृत प्रमाण-पत्र आरटीपीसीआर रिपोर्ट नहीं थी। **दूसरा-** परिवार का कोई एक सदस्य सरकारी नौकरी में है। **तीसरा-** निश्चित समय पर आवेदन नहीं कर पाए। दरअसल, इस योजना में शर्त रखी गई है कि 1 मार्च 2021 से 30 जून 2021 तक कोरोना से मृत हुए लोगों को ही इसका लाभ मिलेगा। इसके अलावा यदि कोई इस पीरियड में कोरोना संक्रमित हुआ है और योजना अवधि समाप्त होने के दिन से 60 दिन के भीतर उसकी मौत हो जाती है तो उसे भी योजना का लाभ मिल जाएगा। इन स्थितियों के कारण आवेदन काफी संख्या में रिजेक्ट हुए हैं। शासन ने सभी जिलों से रिपोर्ट बुलाई तो यह हकीकत सामने आई। अभी भी 13 जिलों से रिपोर्ट आना बाकी है। इसके बाद रिजेक्ट होने वाले आवेदनों की संख्या और बढ़ सकती है।

**योजना में अब तक : प्रदेश में 1700 आवेदन आए, 662 को मिली नियुक्ति, 10 के आदेश तैयार, 223 केस मंजूर**

### सरकारी सहूलियत, फिर भी आवेदनों की संख्या कम

यह स्थिति भी तब है, जब सरकार ने यह राहत दी कि यदि अनुकंपा नियुक्ति के लिए किसी विभाग में कोई पद नहीं है तो सांख्येत्तर मानते हुए प्रभावित परिवार के सदस्य को नियुक्ति दें। बाद में रिटायरमेंट के समय रिक्त होने वाले पद से वह समायोजित हो जाएगा। इसी तरह सरकारी नौकरी के अलावा तदर्थ को तदर्थ में, संविदा को संविदा में, आउट सोर्स को उसी जगह, कलेक्टर दर वालों को भी, मानदेय पर और दैनिक वेतन भोगी है तो उसे भी उसी स्थान पर नियुक्ति दें। हाल ही में जारी इस निर्देश के बाद अब आवेदनों की संख्या बढ़ने लगी है।

### 39 जिलों से मिली रिपोर्ट, 13 की आना बाकी

अनुकंपा नियुक्ति से जुड़ी रिपोर्ट 39 जिलों से आ गई, लेकिन रायसेन, विदिशा, कटनी, नरसिंहपुर, मंडला, डिंडौरी, धार, शाजापुर, दतिया, मुरैना, भिंड, सतना और टीकमगढ़ से नहीं आई है। सतना में उपचुनाव के कारण देरी होने की बात कही गई।

**जिलों में जा रहे रिमाइंडर...** सामान्य प्रशासन विभाग ने जिला कलेक्टरों से कहा है कि वे 7 अक्टूबर सुराज अभियान के बाद की ताजा स्थिति की जानकारी तुरंत दें। इसके बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी कि कितने मामले पेंडिंग हैं।

अ.क्र. 12

### तो फिर से परीक्षण कराएंगे

*कुछ केस रिजेक्ट हुए हैं, लेकिन यदि आवेदक अपने दस्तावेज इस कथन के साथ रखता है कि विभाग के पास जो तथ्य या जानकारी है, वह अलग है। तो फिर से उस केस का परीक्षण कराएंगे।*

**- इंदर सिंह परमार,**
राज्यमंत्री, सामान्य प्रशासन

दै. भास्कर
25-10-2021

# शुद्धिकरण पखवाड़ा, बगैर आवेदन राजस्व रिकॉर्ड सुधारा जा रहा

रतलाम। राज्य शासन के निर्देशानुसार रतलाम जिले में भी शुद्धिकरण पखवाड़े के तहत राजस्व रिकार्ड में सुधार का कार्य किया जा रहा है। पहली बार आमजन को अपने राजस्व रिकार्ड में सुधार के लिए आवेदन नहीं देना पड़ रहा है बल्कि राजस्व अमला स्वयं अग्रसर होकर रिकॉर्ड शुद्धि का कार्य कर रहा है। शुद्धिकरण पखवाड़े की समीक्षा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा शनिवार को आयोजित बैठक में की गई जिसमें अपर कलेक्टर एम.एल.आर्य, एसडीएम अभिषेक गहलोत, डिप्टी कलेक्टर सुश्री कृतिका भीमावद, तहसीलदारगण उपस्थित थे।



कलेक्टर द्वारा समीक्षा की गई

शुद्धिकरण पखवाड़े में लंबित नामांतरण प्रकरणों का शत-प्रतिशत निपटारा किया जाएगा। फौती नामांतरण कार्य किया जा रहा है। आमजन के लिए नक्शे सुधार किए जा रहे हैं। इस पखवाड़े में अल्फान्यूमैरिक खसरा नक्शा, तरमीम, भूमि प्रकार, भूमि स्वामी प्रकार संशोधन, भूमि स्वामी नाम सुधार आदि कार्य किए जाएंगे। कलेक्टर द्वारा बैठक में समीक्षा के दौरान पाया गया कि ऑफलाइन कार्य होने के बाद भी पोर्टल पर ऑनलाइन शो नहीं हो रहा, इस संबंध में कलेक्टर द्वारा सीएलआर को पत्र पहुंचाने के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर द्वारा सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया कि जिले में उर्वरक की कहीं कोई कमी नहीं रहे, यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही टॉप 20 यूरिया बायर्स का सत्यापन करने के निर्देश दिए। सत्यापन कार्य आगामी 30 अक्टूबर तक पूर्ण किया जाना है, इसके लिए टीम बनाने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि आज की स्थिति में जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। लघु सिंचाई संगणना में तहसीलदारों द्वारा कार्य नहीं किए जाने पर कलेक्टर द्वारा सख्त नाराजगी व्यक्त की गई। उन्होंने कहा कि जल स्त्रोतों पर पेंट करने के लिए ग्राम पंचायतों द्वारा कार्य किया जाएगा।

इन्दौर

इन्दौर समाचार
24-10-2021

# 49 हैण्ड स्प्रै मशीन से एकसाथ 1 वार्ड में होगा कीटनाशक दवा का छिड़काव

रतलाम । नगर के नागरिकों को मच्छर जनित डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रषासक श्री कुमार पुरूशोत्तम के निर्देषानुसार नगर निगम द्वारा 18 अक्टूबर सोमवार से नवीन कार्यव्यवस्था के तहत प्रत्येक वार्ड में एक ही समय में 49 कर्मचारियों द्वारा हैण्ड स्प्रै मषीन से कीटनाषक दवा का छिड़काव प्रारंभ कर दिया गया है। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि कलेक्टर एवं निगम प्रषासक श्री पुरूशोत्तम के निर्देषानुसार 1 वार्ड में एक ही समय में एक साथ 49 कर्मचारियों द्वारा हैण्ड स्प्रै मषीन से कीटनाषक दवा का छिड़काव प्रारंभ किया गया है ताकि नागरिकों को मच्छर जनित डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाया जा सके।

नवीन कार्य व्यवस्था के तहत 18 अक्टूबर सोमवार को वार्ड क्रमांक 1 से 5 तक प्रातः 6 से 10 व वार्ड क्रमांक 6 से 10 तक सांय 6 से रात्री 10 बजे तक, 19 अक्टूबर मंगलवार को वार्ड क्रमांक 11 से 15 तक प्रातः 6 से 10 व वार्ड क्रमांक 16 से 20 तक सांय 6 से रात्री 10 बजे तक, 20 अक्टूबर बुधवार को वार्ड क्रमांक 21 से 25 तक प्रातः 6 से 10 व वार्ड क्रमांक 26 से 30 तक सांय 6 से रात्री 10 बजे तक, 21 अक्टूबर गुरूवार को वार्ड क्रमांक 31 से 35 तक प्रातः 6 से 10 व वार्ड क्रमांक 36 से 40 तक सांय 6 से रात्री 10 बजे तक, 22 अक्टूबर षुक्रवार को वार्ड क्रमांक 41 से 45 तक प्रातः 6 से 10 व वार्ड क्रमांक 46 से 49 तक सांय 6 से रात्री 10 बजे तक प्रतिदिन कुल 10 वार्ड में एक ही समय में एक साथ 1-1 वार्ड में 49 कर्मचारियों द्वारा हैण्ड स्प्रै मषीन से कीटनाषक दवा का छिड़काव किया जायेगा तथा पांच दिन पष्चात् इसी क्रम को पुनः दोहराया

## सरकारी दफ्तर में पांच दिनी काम

रतलाम, नप्र। सरकारी दफ्तरों में हफ्ते में पांच दिन काम होगा। सोमवार से शुक्रवार तक के काम का इंतजाम 31 मार्च तक प्रभावी रहेगा।राज्य शासन ने कोविड-19 महामारी की रोकथाम एवं बचाव के संबंध में प्रदेश के शासकीय कार्यालयों में कामकाज हफ्ते में पांच दिन सोमवार से शुक्रवार तय किए थे। यह आदेश 31 अक्टूबर तक प्रभावशील है जिसे 31 मार्च तक बढ़ाया गया है।

23-10-2021


## प्रदीप त्रिवेदी व राजेन्द्र शर्मा का 18 अक्टूबर से वेतन रोका

रतलाम । खुले में कचरा डालकर षहर को गंदा करने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर रोक लगाने हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम में सी.सी.टी.वी. ( कन्ट्रोल रूम ) से कचरा फेंकने वालों पर निगरानी रखने व विडियो क्लिप सहेजन हेतु पृथक-पृथक षिफ्टों में नियुक्त कर्मचारी श्री प्रदीप त्रिवेदी सहायक वर्ग-2 व श्री राजेन्द्र षर्मा सहायक राजस्व निरीक्षक द्वारा 2 दिन से रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देषानुसार उक्त कर्मचारियों का 18 अक्टूबर से वेतन रोका जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।खुले में कचरा फेंकने वालों पर निगरानी रखने व विडियो क्लिप सहेजन हेतु श्री त्रिवेदी सहायक वर्ग-2 को प्रातः 6 से दोपहर 3 बजे तक व श्री षर्मा सहायक राजस्व निरीक्षक को दोपहर 3 से रात्रि 12 बजे तक नियुक्त किया जाकर कचरा फेंकने वाले नागरिक, दुकानदार की जानकारी झोन प्रभारी, स्पॉट फाईन टीम व वार्ड प्रभारी को तत्काल उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देषित किया गया था ।

रतलाम आज तक

# भव्य आतिशबाजी के साथ हुआ रावण दहन

रतलाम । बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक विजयादाशमी पर्व पर आज नेहरू स्टेडियम



(पोलोग्राउण्ड) में रावण के पुतले का दहन शासन द्वारा दिये गये कोविड-19 के निर्देशों के तहत किया गया। नेहरू स्टेडियम पर आयोजित कार्यक्रम में श्री राम जी, श्री लक्ष्मण जी तथा श्री हनुमान जी का स्वागत नगर विधायक श्री चेतन्य काश्यप, कलेक्टर श्री कुमार पुरूषोत्तम, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, पूर्व निगम अध्यक्ष श्री अशोक पोरवाल के अलावा सर्वश्री प्रदीप उपाध्याय, बजरंग पुरोहित, मंगल लोढ़ा, कृष्ण कुमार सोनी, राकेश परमार, उपायुक्त श्री विकास सोलंकी ने किया। तहसीलदार श्री गोपाल सोनी, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द व्यास, श्री मोहम्मद हनीफ शेख, श्री जी.के. जायसवाल, प्रभारी सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी सहित जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व निगम अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

सागोद रोड रेलवे पुलिया

# रिटेनिंग वॉल का काम अब तक धीमा, मुख्य पुलिया टूटने तक बंद नहीं होगा ट्रैफिक, इधर शटरिंग का काम भी शुरू

## काम ऐसे ही चला तो 2023 में तैयार हो जाएगा रेलवे पुल

भास्कर संवाददाता | रतलाम

बाजना बस स्टैंड-वरोठ माता मंदिर फोरलेन स्थित सागोद रोड रेलवे पुलिया के काम ने रफ्तार पकड़ ली है। वर्तमान में उत्कृष्ट स्कूल तरफ वाली रिटेनिंग वॉल का फाउंडेशन तैयार करने के साथ ही शटरिंग भी होने शुरू हो गई है। दीपावली बाद थाने वाली तरफ की रिटेनिंग वॉल और दोनों तरफ की एप्रोच रोड बनाने का काम भी प्रारंभ हो जाएगा।

नया पुल 536 मीटर लंबा बनेगा। इसमें बाजना तरफ वाली एप्रोच रोड 320 मीटर, जबकि रतलाम तरफ वाली एप्रोच रोड 160 मीटर लंबी बनेगी। इसके लिए गुजरात की रियाल कंस्ट्रक्शन ने काम शुरू कर दिया है। दिल्ली-मुंबई रेल लाइन के ऊपर वाला 56 मीटर लंबा मुख्य हिस्सा रेलवे का ठेकेदार ही बनाएगा। उसके टेंडर भी हो गए हैं। नवंबर में यह काम भी होने लगेगा।

अच्छी बात यह है कि रिटेनिंग वाल बनने तक पुलिया का ट्रेफिक नहीं रोका जाएगा। मुख्य हिस्सा टूटने के बाद इसे आसपास से डायवर्ट किया जाएगा। बता दें कि लगभग 3.6 किमी लंबी बाजना बस स्टैंड से वरोठ माता मंदिर तक की सड़क डेढ़ साल पहले ही फोरलेन में तब्दील हो चुकी है। सिर्फ 12 फीट चौड़ी रेलवे पुलिया ही संकरी थी। 2023 अंत तक यह भी फोरलेन इतनी चौड़ी हो जाएगी।

### ऐसी बनेगी रेलवे पुलिया

**534** मीटर लंबाई

**21.20** मीटर चौड़ाई

**56** मीटर पटरी का ऊपरी हिस्सा

**480** मीटर दोनों तरफ की एप्रोच रोड

**320** मीटर वरोठ माता मंदिर तरफ एप्रोच रोड

**160** मीटर बाजना बस स्टैंड तरफ एप्रोच रोड

**25.27** करोड़ खर्च

### परेशानी : अभी चार से पांच किमी का चक्कर लगाकर जाना पड़ रहा



उत्कृष्ट स्कूल तरफ रिटेनिंग वॉल बनाने के लिए खुदाई करने के साथ शटरिंग करते ठेकेदार का अमला। भास्कर

वर्तमान में सुभाष नगर रेलवे फाटक पर भी फ्लाई ओवर बनाने का काम चल रहा है। ऐसे में संकरी पुलिया के कारण अभी भारी वाहनों को कस्तूरबा नगर होते हुए लगभग चार से पांच किमी का चक्कर लगाकर जाना पड़ रहा था। पुलिया चौड़ी बनने से डोंगरेनगर, मुखर्जीनगर, मोहननगर सहित लगभग एक दर्जन से ज्यादा कालोनियोंवासियों को फायदा मिलेगा।

*बाजना फोरलेन रेलवे पुलिया का काम तेजी करवा रहे हैं। रेलवे लाइन के ऊपर वाले हिस्से के भी टेंडर हो गए हैं। जल्द ही काम शुरू हो जाएगा।*
**आरके गुप्ता,** एसडीओ, सेतु विकास निगम

*स्कूल तरफ वाली रिटेनिंग वॉल का काम चल रहा है। दूसरी तरफ भी जल्द शुरू हो जाएगा। बाजना तरफ 320 मीटर लंबी और रतलाम तरफ 160 मीटर लंबी एप्रोच रोड बनना है।*
**राज पटेल,** रियाल कंस्ट्रक्शन

दै. भास्कर
25-10-2021


## अब फिर महाअभियान की जरूरत

# जिले में 1.42 लाख लोगों का दूसरा टीका बाकी

### पहले डोज के बाद प्रशासन का पूरा फोकस दूसरे डोज पर

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में पहला डोज तो लोगों ने उत्साह से लगवाया था लेकिन अब दूसरे डोज के लिए लेटलतीफी होने लगी है। जिले में अभी 1.42 लाख लोगों को दूसरा डोज लगना बाकी है। इसमें भी सबसे ज्यादा रतलाम शहर में 43 हजार लोगों को टीके लगने है। इधर, अब पेंडेंसी कम करने के लिए दोबारा महाअभियान की तैयारी की जा रही है।




कोरोना के टीके का विशेष महत्व वैक्सीन के दोनों डोज लगने के बाद है। लेकिन, पहला डोज लगवाने के बाद ही कई लोग केंद्र पर नहीं आ रहे है। जिले में अब तक 1,42,467 लोगों को वैक्सीन का दूसरा डोज ड्यू है। इसमें कोविशील्ड के 1,21,472 लोग बाकी है, तो वहीं, को-वैक्सीन के 20,995 लोगों को टीके लगने है।

सबसे ज्यादा पेंडेंसी रतलाम शहर में है, रतलाम में 43,342 लोगों को टीके लगने है। इनमें से 40592 लोगों को कोविशील्ड तो वहीं, 2750 लोगों को को-वैक्सीन लगना है। वहीं, सबसे कम पेंडेंसी पिपलौदा में बताई जा रही है, यहां 4958 लोगों को ही दूसरा डोज लगना है। इनमें कोविशील्ड वाले 4566 है। भास्कर

पत्रिका

24-10-2021

---

भास्कर

## कोरोना के बाद अब डेंगू बेकाबू

# मेडिकल कॉलेज में 36 लोगों की मौत, 5 ने डेंगू से दम तोड़ा

### आसपास के 4 जिलों के मरीज भी भर्ती हो रहे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मेडिकल कॉलेज में अगस्त से अब तक 3899 मरीज भर्ती हो चुके हैं। डेंगू जानलेवा भी बन रहा है क्योंकि मेडिकल कॉलेज में भर्ती 36 लोगों की मौत हो गई है, इनमें से 5 लोगों ने डेंगू के कारण दम तोड़ा है।



डेंगू के मरीजों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया जा रहा है। अच्छी बात ये है कि डेंगू से मौत के आंकड़े बहुत ज्यादा नहीं है। इसमें रिकवरी रेट लगभग 99.99 प्रतिशत रहा है। कॉलेज में अब तक 3899 केस डेंगू या संभावित डेंगू के आए हैं। मरीजों में लगभग 61% पुरुष और 39% महिलाएं हैं। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि कॉलेज में 12 से लेकर 80 साल तक के मरीज भर्ती है। 0-18 उम्र के 13% मरीज, 19-40 उम्र के 61% मरीज, 40-60 उम्र के 18% व 60 साल से ज्यादा के 8% मरीज अस्पताल में भर्ती हुए है। अभी मेडिकल कॉलेज में 252 एक्टिव मरीज भर्ती हैं।

दै. भास्कर

24-10-2021

## 2544 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन

रतलाम | शासन द्वारा संचालित विभिन्न पेंशन योजना के हितग्राहियों का नगर निगम भौतिक सत्यापन कर रहा है। अब तक 2544 हितग्राहियों का सत्यापन किया जा चुका है। शुक्रवार को 534 पेंशन हितग्राहियों का सत्यापन कर रिपोर्ट बनाई गई। सत्यापन के कार्य में सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा, राष्ट्रीय विधवा, राष्ट्रीय निःशक्त, मानसिक बहु विकलांग आदि योजनाओं का सत्यापन किया जा रहा है। इसके लिए प्रत्येक वार्ड में केंद्र भी बनाए गए है।

## निगम ने अब तक बनाए 7558 आयुष्मान कार्ड

रतलाम | आयुष्मान भारत निरामयम योजना में नगर निगम अब तक 7558 कार्ड बना चुका है। नगर निगम के आईटी सेल कार्यालय में बनाए जा रहे कार्ड में 1 से 22 अक्टूबर तक 186 कार्ड बनाए गए हैं। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने विकास शाखा स्थित आईटी सेल में नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। इससे पूर्व वार्डवार गठित दलों व उचित मूल्य की दुकानों पर 7316 कार्ड बनाए गए थे। आयुष्मान कार्ड बनाने का काम इन दिनों जारी है।

दै. भास्कर

24-10-2021